**दिनांक : 09/04/2026** **समय :7.10एएम**

**प्रादेशिक समाचार एकांश**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**<u>प्रातःकालीन समाचार</u>**

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :-

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा-प्राकृतिक खेती में एमपी बना देश का नंबर-वन राज्य।
- प्रदेश में आज से शुरू होगा गेहूं उपार्जन; किसानों को 2700 रुपये प्रति क्विंटल भाव देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध।
- असम, केरल और पुद्दुचेरी में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान जारी; शाम 6 बजे तक डाले जाएंगे वोट।
- आज से 'पोषण पखवाड़ा' की होगी शुरुआत ; बच्चों के दिमागी विकास और सही खान-पान पर रहेगा विशेष जोर।

'कृषि मंथन' कार्यशाला-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बीते कल जबलपुर में 'कृषि मंथन' कार्यशाला के जरिए प्रदेश के अन्नदाताओं को 23 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों की सौगात दी है। मुख्यमंत्री ने जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के नवीन प्रशासनिक भवन और स्वचालित तरल जैव उर्वरक केंद्र का लोकार्पण करते हुए खेती को लाभ का धंधा बनाने का संकल्प दोहराया।डॉ. यादव ने स्पष्ट किया कि मध्यप्रदेश अब प्राकृतिक खेती में देश का नंबर-वन राज्य है।

इसके साथ ही श्री यादव ने दुग्ध उत्पादन को 9 से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने और स्कूल के बच्चों को निःशुल्क दूध देने की घोषणा की। आज से शुरू हो रहे गेहूं उपार्जन के लिए भी सरकार ने किसानों को 2700 रुपये प्रति क्विंटल तक भाव देने की अपनी प्रतिबद्धता जताई है।

गेहूं खरीदी

राज्य में आज से गेहूँ खरीदी की प्रक्रिया शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सभी उपार्जन केंद्रों पर किसानों के लिए सहज और सुगम व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रदेश दलहन और तिलहन के साथ-साथ अब गेहूँ उत्पादन में भी देश का नेतृत्व कर रहा है। केंद्रों पर पहुँचने वाले किसानों को न केवल अपनी फसल बेचने की सुविधा मिलेगी, बल्कि उन्हें शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से भी अवगत कराया जाएगा।

उर्वरक सब्सिडी-मंत्री अश्विनी वैष्णव

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने खरीफ मौसम 2026 के लिए फॉस्फेट और पोटैशियम उर्वरकों पर 41 हजार 534 करोड़ रुपये की पोषण आधारित सब्सिडी को मंजूरी दे दी है। कल नई दिल्ली में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस फैसले से किसानों को रियायती, किफायती और उचित कीमतों पर उर्वरक उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने बताया कि यह सब्सिडी पिछले खरीफ मौसम में दी गई सब्सिडी से चार हजार 317 करोड़ रुपये अधिक है। सरकार ने जयपुर मेट्रो के दूसरे चरण में प्रहलादपुरा से टोड़ी मोड़ तक 41 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर को भी स्वीकृति दी। इसमें 36 स्टेशन होंगे। श्री वैष्णव ने कहा कि इस परियोजना पर 13 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत आएगी। श्री वैष्णव ने बताया कि समिति ने पूर्वोत्तर राज्यों में दो जलविद्युत परियोजना को भी मंजूरी दी।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उर्वरक सब्सिडी को मंजूरी देने के लिए केंद्र का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वैश्विक स्तर पर कीमतें बढ़ने के बावजूद, इस फैसले से किसानों पर कोई अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा। प्रदेश में मनाए जा रहे 'किसान कल्याण वर्ष' के बीच यह कदम खेती की लागत कम करने और अन्नदाताओं की आय बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगा।

विधानसभा चुनाव-मतदान

असम, केरलम और केंद्र शासित प्रदेश पुद्दुचेरी में विधानसभा चुनाव के लिए आज मतदान शुरू है । असम की सभी 126 सीटों, केरलम की 140 सीटों और पुद्दुचेरी की 30 सीटों पर एक ही चरण में मतदान हो रहा है। मतदान सुबह 7 बजे से शुरू हो चूका है और शाम 6 बजे तक चलेगा। चुनाव आयोग ने स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की हैं।

बैठक-रक्षा मंत्री

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कल नई दिल्ली में पश्चिम एशिया घटनाक्रम पर मंत्रियों के समूह की तीसरी बैठक की अध्यक्षता की। श्री सिंह ने बताया कि बैठक के दौरान पश्चिम एशिया में बदलती स्थिति के मद्देनजर उठाए गए कदमों की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि सरकार एलपीजी, पेट्रोल और डीजल, किसानों के लिए उर्वरक की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित कर रही है और देश में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति को सुगम बना रही है।

भारत-अमरीका, ईरान

भारत ने अमरीका और ईरान के बीच हुए युद्धविराम का स्वागत किया है। नई दिल्ली में पश्चिम एशिया के हालिया घटनाक्रमों पर आयोजित अंतरमंत्रालयी ब्रीफिंग में कल विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि इससे पश्चिम एशिया में स्थायी शांति स्थापित होगी और होर्मुज जलडमरूमध्य से निर्बाध नौवहन और वैश्विक व्यापार जारी रहेगा।

पोषण पखवाड़ा

प्रदेश में आज से 8वें 'पोषण पखवाड़े' का औपचारिक आगाज़ हो गया है। 23 अप्रैल तक चलने वाले इस अभियान का मुख्य फोकस बच्चों के शुरुआती छह वर्षों में उनके मस्तिष्क के अधिकतम विकास पर है। आज प्रदेशभर के आंगनवाड़ी केंद्रों पर 'पोषण पर चर्चा' के साथ समुदाय को इस मुहिम से जोड़ा जा रहा है। वैज्ञानिक तथ्यों के आधार पर, बच्चों के 85 प्रतिशत दिमागी विकास को सही दिशा देने के लिए इस बार 'स्क्रीन टाइम' कम करने और खेल-आधारित शिक्षा पर विशेष जोर दिया जा रहा है। अभियान के दौरान दादी-नानी के अनुभव साझा किए जाएंगे और 23 अप्रैल को विशाल पोषण मेले के साथ इसका समापन होगा।

नर्सिंग ऑफिसर भर्ती-हाईकोर्ट

प्रदेश के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में नर्सिंग ऑफिसर की भर्ती प्रक्रिया को लेकर जबलपुर हाईकोर्ट ने राज्य सरकार और कर्मचारी चयन मंडल से जवाब तलब किया है कि आखिर 800 से अधिक पदों पर केवल महिलाओं को ही 100 प्रतिशत आरक्षण किस आधार पर दिया जा रहा है? जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने पुरुष अभ्यर्थियों की याचिका पर सुनवाई करते हुए पूछा कि क्या यह लिंग आधारित भेदभाव नहीं है? याचिकाकर्ताओं का तर्क है कि समान योग्यता होने के बावजूद पुरुषों को आवेदन से रोकना संविधान के अनुच्छेद 14 और 16 का उल्लंघन है। इस महत्वपूर्ण मामले की अगली सुनवाई अब 15 अप्रैल को होगी।

आईपीएल

आईपीएल क्रिकेट मे कल रात दिल्ली के अरूण जेटली स्टेडियम में गुजरात टाइटन्स ने डेल्ही कैपिटल्स को एक रन से हरा दिया। 210 रन के लक्ष्य के जवाब में डेल्ही कैपिटल्स ने निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 209 रन बनाए। आज, कोलकाता के ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स का मुकाबला लखनऊ सुपर जाएन्ट्स से होगा। मैच शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :-

- प्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग मंत्री उदय प्रताप सिंह आज आगरमालवा जिले के दौरे पर रहेगें। वे यहां विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।
- रायसेन जिले के दशहरा मैदान में 11 से 13 अप्रैल तक भव्य उन्नत 'कृषि महोत्सव' का आयोजन किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य किसानों को पारंपरिक खेती के साथ-साथ डेयरी, पोल्ट्री, मत्स्य और बकरीपालन जैसे क्षेत्रों से जोड़कर उनकी आय बढ़ाना है।
- सतना जिले में सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में लापरवाही कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने जिले के 37 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।
- कटनी जिले में औद्योगिक विकास को नई दिशा देने और स्थानीय उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने की पहल के तहत कलेक्टर आशीष तिवारी ने प्रमुख औद्योगिक इकाइयों का भ्रमण किया।
- खण्डवा कलेक्टर ने कल खालवा विकासखंड के ग्राम रोशनी, मुहालखारी और अंबाड़ा का दौरा कर "जल गंगा संवर्धन अभियान" के तहत संचालित कार्यों का निरीक्षण किया।

-------------